दिन– मंगलवार दिनांक– 22 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01 प्रदेश में बाढ़ से हुई क्षति का आकलन करने पहुंची केन्द्रीय टीम ने दरभंगा और सीतामढ़ी जिले का दौरा किया। आज पटना में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ होगी उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक।

02. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी कर्मचारियों को दीपावली और छठ से पहले ही इस महीने की पच्चीस तारीख को अक्टूबर महीने का वेतन जारी किया जाएगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पुलिस के अठहत्तर हजार रिक्त पदों पर छह महीने के अन्दर बहाली प्रक्रिया पूरी करने का अधिकारियों को दिया निर्देश।

04. और, पटना में आज से शुरू हो रहा है दो दिवसीय ट्रेवल एंड टूरिज्म फेयर। पन्द्रह राज्यों के सौ से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल।

———————————————————————

प्रदेश में बाढ़ से हुई क्षति का आकलन करने आई केन्द्रीय टीम ने सीतामढ़ी और दरभंगा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी के नेतृत्व में आई टीम ने इन दोनों जिलों में वस्तु स्थिति की जानकारी ली।

–––रिपोर्ट–––

अंतर मंत्रालयी टीम ने दरभंगा के कीरतपुर स्थित भुभौल का दौरा किया, जहां कोसी पश्चिमी तटबंध टूटने से भारी तबाही मंची थी। साथ ही इस टीम ने सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा किया। केन्द्रीय टीम ने दरभंगा में स्थानीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की। इससे पूर्व पटना में केन्द्रीय टीम ने मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और बाढ़ राहत से जुडें विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव के साथ बैठक की। इस बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ से हुई क्षति का प्रजेंटेशन दिया और जिलों में हुई क्षति का ब्यौरा सौंपा। केन्द्रीय टीम का आज भी बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे का कार्यक्रम है। पटना लौटने के बाद यह टीम एक बार फिर राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

गौरतलब है कि आपदा प्रबंधन विभाग ने केंद्र से बाढ़ सहायता के तौर पर तीन हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की मांग की है।

———————————————————————

राज्य के सरकारी कर्मचारियों को दीपावली और छठ से पहले ही इस महीने की पच्चीस तारीख को अक्टूबर महीने का वेतन जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर ने इस संबंध में विशेष आदेश जारी किया है। आदेश के

अनुसार, अक्टूबर के वेतन के अग्रिम भुगतान से राज्य के लगभग आठ लाख कर्मचारियों को लाभ होगा।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पुलिस के अठहत्तर हजार रिक्त पदों पर छह महीने के अन्दर बहाली प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। पटना में नवनियुक्त दारोगा के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में श्री कुमार ने पुलिस महानिदेशक को इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

————————————————————————

राज्य की चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के उपचुनाव को लेकर अब तक पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार, कल तरारी से भाकपा–माले के राजू यादव समेत दो और रामगढ़ से भाजपा के अशोक सिंह और राजद के अजीत सिंह ने नामांकन पर्चे भरे। तरारी सीट से पहले दिन एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा भरा था। इधर, सामान्य प्रशासन विभाग ने मतदान के दिन तेरह नवंबर को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में वेतन सहित सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है और इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में अट्ठाईस अक्टूबर को पटना में एनडीए की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा की चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा होने की सम्भावना है।

————————————————————————

विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सतीश चन्द्र दूबे, डॉक्टर राज भूषण चौधरी निषाद, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत चालीस नेताओं के नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि पार्टी राज्य में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव लड़ रही है।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अनौपचारिक रूप से नियुक्त कर्मचारी नियमितीकरण का दावा नहीं कर सकते हैं। न्यायाधीश डॉक्टर अशुंमान की एकल पीठ ने भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यरत छियालीस दैनिक

वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज करते हुये यह फैसला सुनाया। वहीं, न्यायाधीश मोहित कुमार शाह की एकल पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ मात्र प्राथमिकी दर्ज होना उसके आर्म्स लाईसेंस को रद्द करने का आधार नहीं हो सकता है। इसके अलावा एक अन्य फैसले में पटना हाईकोर्ट ने रोहतास जिले के मां तारा चंडी मंदिर की ग्यारह सदस्यीय न्यास समिति को अवैध करार देते हुए उसे भंग कर दिया है। न्यायमूर्ति नवनीत कुमार पांडेय की एकलपीठ ने बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड को छह माह के भीतर हाई कोर्ट के दिशा–निर्देशों के तहत नई न्यास समिति गठित करने का आदेश दिया है।

———————————————————————

दरभंगा हवाई अड्डे पर यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां एक और नया टर्मिनल बनाया जाएगा। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने उड़ान योजना के आठ वर्ष पूरे होने पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार बीस में शुरू हुए दरभंगा एयरपोर्ट से अभी प्रत्येक सप्ताह सत्तर विमानों का परिचालन हो रहा है। इस एयरपोर्ट पर आने वाले दिनों में विमानों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि त्योहार पर अधिक किराया नहीं वसूलने को लेकर कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं।

———————————————————————

विमानों को बम से उड़ाने की लगातार मिल रही धमकियों के बीच पटना हवाई अड्डे पर तीस दिनों का हाई अलर्ट घोषित किया गया है। साथ ही पटना हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षा संबंधी हुई बैठक में केन्द्र द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के आलोक में यह निर्णय लिया गया।

———————————————————————

पटना में आज से दो दिवसीय ट्रेवल एंड टूरिज्म फेयर की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका उद्घाटन करेंगे। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र ने बताया कि इस मेले में देश–विदेश के पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा, उत्तराखंड, असम और केरल समेत विभिन्न राज्यों के पर्यटन विभाग अपने–अपने स्टॉल लगाकर पर्यटन प्रक्षेत्र के व्यवसायियों को आकर्षित करेंगे। श्री मिश्र ने बताया कि इस आयोजन में पन्द्रह राज्यों के सौ से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

———बाईट———

————————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण चौबीस अक्टूबर को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चलने की सम्भावना है। कहीं–कहीं वज्रपात की भी आशंका जतायी गयी है।

————————————————————————————

बिहार सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने पटना के पाटलिपुत्र में पटना डाक प्रमंडल के पहले केन्द्रीय वितरण केन्द्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये श्री कुमार ने कहा कि इससे लोगों की डाक सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी। श्री कुमार ने शेखपुरा में उप डाकघर के नये भवन का भी लोकार्पण किया।

————————————————————————————

राज्य में बिना नैक मान्यता वाले निजी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को भी बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इसका लाभ राज्य के तीन सौ इक्यासी संस्थानों को मिलेगा।

————————————————————————————

जम्मू–कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में मारे गये राज्य के तीन लोगों का शव आज पटना पहुंचेगा। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया मृतकों के शवों को दिल्ली से पटना लाया जा रहा है। इसके बाद सभी के शव उनके पैतृक गांव भेज दिये जायेंगे। गौरतलब है कि जम्मू–कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में हुये आतंकी हमले में बिहार के तीन मजदूरों की मौत हो गयी थी। इनकी पहचान वैशाली जिले के अकबरपुरा निवासी फहीम नासिर, मधेपुरा जिले के हनुमाननगर चकला गांव के कलीम और रामपुर लाही के मोहम्मद हनीफ के रूप में हुई है।

————————————————————————————

कटौरिया के पूर्व विधायक जय प्रकाश मिश्र का निधन हो गया। वे एक सौ एक वर्ष के थे। वे वर्ष उन्नीस सौ बहत्तर में कटौरिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक चुने गये थे। जय प्रकाश मिश्र के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

————————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में कल से चार दिवसीय अन्तर जिला भारत्तोलन प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। प्रतियोगिता में बाईस जिलों और एक एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र के दो सौ सोलह खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। कल आयोजन के पहले दिन पटना के गौतम कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी गौरव यात्रा कल अरवल पहुंची। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने यात्रा का स्वागत किया। इस आयोजन में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

———————————————————————

सारण में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने मशरक और जनता बाजार के थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के पचरूखिया जंगल से पुलिस और सीआरपीएफ ने सर्च ऑपरेशन के दौरान दो आईईडी बम बरामद किये। दोनों बमों को निष्क्रिय कर दिया गया है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के कोईलवर से पुलिस ने कुख्यात बालू तस्कर अमरेश राय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को गिरफ्तार तस्कर की लम्बे समय से तलाश थी।

———————————————————————

सारण जिले के कोपा थाना में पदस्थापित दारोगा पप्पू कुमार सिंह को घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पटना हवाई अड्डे पर तीस दिन का हाई अलर्ट। अफवाह पर कड़ी सजा।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– संविधान के मूल ढ़ांचे का हिस्सा है पंथ निरपेक्षता।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– नालंदा के लोदीपुर नरसंहार मामले में पन्द्रह दोषियों की हुई उम्रकैद की सजा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बिहार का पहला ड्राई पोर्ट चालू। रूस भेजी गयी पहली खेप।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– गांदरबल में हुये आतंकी हमले में टीआरएफ का हाथ।

आज अखबार के शब्द है– चक्रवात दाना के कारण बिहार में हो सकती है बारिश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर................

01 प्रदेश में बाढ़ से हुई क्षति का आकलन करने पहुंची केन्द्रीय टीम ने दरभंगा और सीतामढ़ी जिले का दौरा किया। आज पटना में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ होगी उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक।

02. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी कर्मचारियों को दीपावली और छठ से पहले ही इस महीने की पच्चीस तारीख को अक्टूबर महीने का वेतन जारी किया जाएगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पुलिस के अठहत्तर हजार रिक्त पदों पर छह महीने के अन्दर बहाली प्रक्रिया पूरी करने का अधिकारियों को दिया निर्देश।

04. और, पटना में आज से शुरू हो रहा है दो दिवसीय ट्रेवल एंड टूरिज्म फेयर। पन्द्रह राज्यों के सौ से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।